# एप से होगा सभी औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित उद्योगों का सर्वे

**राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ:** औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डालर की बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। पिकप भवन में आयोजित बैठक में मंत्री नन्दी ने सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के अधिकारियों को लैंड बैंक बढ़ाने के साथ ही विकसित भूमि के आवंटन में गति लाने के निर्देश दिए।

बैठक में डिलाइट इंडिया की ओर से एक प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि प्रदेश की जीडीपी में उद्योगों के योगदान की वास्तविक स्थिति से लोगों को अवगत कराने के लिए एक एप बनाया जा रहा है जिसके माध्यम से प्रदेश के सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में स्थापित उद्योगों का सर्वे कराकर पूरा डाटा बेस तैयार किया जाएगा।

सर्वे की सारी जानकारी एप पर उपलब्ध होगी। उत्तर प्रदेश में वर्तमान समय में उद्योगों की वास्तविक स्थिति, मैन्युफैक्चरिंग के इको सिस्टम और वास्तविक जीडीपी जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां एक क्लिक पर उपलब्ध होंगी। प्रदेश में औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के तहत भूमि आवंटन, भूमि अधिग्रहण और उपलब्ध खाली भूमि की वर्तमान स्थिति की जानकारी भी दी गई।